‘श्रीगुरुमाई के वर्ष २०१९ के सन्देश का अध्ययन व अन्वेषण’ का परिचय

विमर्श कैम्पेरो द्वारा

यह कितने हर्ष की बात है कि आप ‘श्रीगुरुमाई के वर्ष २०१९ के सन्देश का अध्ययन व अन्वेषण’ करने के लिए यहाँ आए हैं! यहाँ आने के लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूँ और हृदय से आपका स्वागत करना चाहता हूँ।

इन पृष्ठों की रचना इसलिए की गई है जिससे आपको वर्ष २०१९ के श्रीगुरुमाई के सन्देश का अध्ययन करने, उसका अभ्यास करने, उसे आत्मसात् करने व उसका परिपालन करने हेतु प्रचुर मात्रा में साधन उपलब्ध हो सकें। अध्ययन के यह साधन, पूरे वर्ष सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे।

अध्ययन का एक मुख्य साधन जिसके लिए आप पंजीकरण करा सकते हैं वह है,
‘श्रीगुरुमाई के वर्ष २०१९ के सन्देश पर अभ्यास-पुस्तिका।’ यह अभ्यास-पुस्तिका गुरुमाई जी द्वारा प्रदान किए गए प्रश्नों की एक श्रृंखला पर आधारित है। प्रत्येक सप्ताह आपको एक नया प्रश्न मिलेगा और साथ ही आपके अध्ययन को केन्द्रित रखने व उसे गहरा करने के लिए अभ्यास व गतिविधियाँ भी होंगी।

इसके अतिरिक्त, इन पृष्ठों पर शामिल होंगे :

- मासिक ध्यान-सत्र, जो सीधे ऑडिओ प्रसारण द्वारा आयोजित किए जाएँगे और एक सिद्धयोग ध्यान-शिक्षक द्वारा सिखाए जाएँगे। इन सत्रों में सिद्धयोग ध्यान-शिक्षक, श्रीगुरुमाई के वर्ष २०१९ के सन्देश पर आधारित, उनके द्वारा प्रदान किए गए मार्गदर्शन को विस्तार से समझाएँगे।
- कहानियाँ [लिखी व ऑडिओ रिकॉर्ड की हुई] जो श्रीगुरुमाई के सन्देश-प्रवचन पर प्रकाश डालेंगी।
- मन के विषय पर शास्त्रों से लिए गए सूत्र और उन पर सिद्धयोगियों द्वारा लिखी व्याख्याएँ।

- भारत के सन्त-कवियों द्वारा रचित भजन व अभंग जो श्रीगुरुमाई के नववर्ष सन्देश से सम्बन्धित हैं और साथ ही, इन्हें सिद्धयोगियों द्वारा लिखी गई व्याख्याओं में स्पष्टता से समझाया भी जाएगा।

इसके अतिरिक्त और भी, बहुत कुछ होगा!

तो जब भी आप झूमना चाहें, तरोताज़ा होना चाहें और श्रीगुरुमाई के नववर्ष सन्देश के अपने अभ्यास व अपनी सिद्धयोग साधना को थोड़ा और दिलचस्प बनाना चाहें, तो आप जानते हैं कि आपको क्या करना है! 'श्रीगुरुमाई के वर्ष २०१९ के सन्देश का अध्ययन व अन्वेषण' देखें। हर रोज़ इन पृष्ठों को देखें और यहाँ मिलने वाले असंख्य साधनों का लाभ उठाएँ।

© २०१९ एस.वाय.डी.ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।

विमर्श कैम्पेरो के बारे में

विमर्श ने सन् १९८४ में सिद्धयोग का अभ्यास आरम्भ किया। वे एक सिद्धयोग ध्यान-शिक्षक हैं व मेक्सिको सिटि में रहते हैं तथा एस.वाय.डी.ए. फ़ाउन्डेशन कन्टेन्ट विभाग में घर से सेवा अर्पित करते हैं। वर्तमान में वे सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर मिनीसाइट जिसका शीर्षक है, 'श्रीगुरुमाई के वर्ष २०१९ के सन्देश का अध्ययन व अन्वेषण' का सम्पादन करते हैं। साथ ही, वे मेक्सिको सिटि में स्थित सिद्धयोग आश्रम में संगीत कोऑर्डिनेटर व संगीत-सेवाकर्ता के रूप में भी सेवा अर्पित करते हैं।

विमर्श ने वर्ष १९९६ से २००८ तक श्री मुक्तानन्द आश्रम में स्टाफ़ सदस्य के रूप में सेवा अर्पित की है और इस दौरान वे किशोर एवं युवा साधकों के लिए गतिविधियों को संचालित करने में मदद भी करते थे। उन्होंने कई प्रकार के कार्यों के लिए विभागों और परियोजनाओं का प्रबन्धन किया है, जिसमें एस.वाय.डी.ए. फ़ाउन्डेशन के सार्वभौमिक कार्यक्रम व शिक्षण सम्बन्धी उपक्रम शामिल हैं।

विमर्श ने कई वर्षों तक मेक्सिको सिटि के सिद्धयोग आश्रम में लगभग हर विभाग में सेवा अर्पित की है। वे मान्यता प्राप्त साइकोलॉजिस्ट व शिक्षक हैं तथा उन्होंने मेक्सिको सिटि के युनिवर्सिडाड इन्टरकॉन्टिनेन्टल [Universidad Intercontinental] से अपनी उपाधि प्राप्त की है।

© २०१९ एस.वाय.डी.ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।